प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 314 | गुरुवार 06 नवम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

## फारूक और महबूबा मुफ्ती ने जोहरान ममदानी को न्यूयार्क का महापौर चुने जाने पर बधाई दी

***पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती ने कहा, ''उनकी अटूट प्रगतिशील सोच और न्याय के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले आक्रामक घृणा अभियान पर विजय प्राप्त की है।***



नई दिल्ली 05 नवम्बर (एजेंसी)जम्मू–कश्मीर में सत्तारूढ़ नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और विपक्षी पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने न्यूयॉर्क शहर के महापौर चुनाव में शानदार जीत दर्ज करने पर बुधवार को जोहरान ममदानी को बधाई दी।नेशनल कांफ्रेंस द्वारा जारी एक बयान में अब्दुल्ला ने बढ़ते विभाजन के बीच ममदानी के अभियान को आशा की किरण बताया तथा विविधतापूर्ण परिवेश में एकता को बढ़ावा देने के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता पर जोर दिया।पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने कहा, "जोहरान ममदानी की शानदार जीत महज एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि सामूहिक प्रगति का आह्वान है।" उन्होंने कहा, " ममदानी का चुनाव एकता और करुणा का संदेश देता है। यह हमें याद दिलाता है कि जब हम नफरत को खारिज करते हैं और मानवता को अपनाते हैं तो हम ऐसे पुल बनाते हैं जो टिकाऊ होते हैं।"पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भी नवनिर्वाचित महापौर को बधाई संदेश देते हुए कहा, "न्यूयॉर्क शहर के 111वें और पहले मुस्लिम महापौर के रूप में जोहरान ममदानी को उनकी शानदार जीत पर बधाई। यह जीत न केवल एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है, बल्कि फासीवाद, धनबल और इस्लामोफोबिया की गहरी जड़ें जमाए बैठी ताकतों के खिलाफ एक सशक्त कदम भी है।"पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि ममदानी की प्रगतिशील सोच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'घृणा' अभियान पर भारी पड़ी है। पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती ने कहा, "उनकी अटूट प्रगतिशील सोच और न्याय के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले आक्रामक घृणा अभियान पर विजय प्राप्त की है।

## मुंबई साहित्य महोत्सव में शशि थरूर

### न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ सहित 100 से अधिक वक्ता होंगे शामिल



नई दिल्ली 05 नवम्बर (एजेंसी)कांग्रेस सांसद शशि थरूर और भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ सहित प्रख्यात लेखक, विचारक, विद्वान और कलाकार लिटरेचर लाइव! मुंबई साहित्य महोत्सव के 16वें संस्करण में 100 से अधिक वक्ताओं के साथ शामिल होंगे।गोदरेज इंडस्ट्रीज समूह द्वारा सात नवंबर से नेशनल सेंटर फॉर परफार्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) में शुरू होने वाले साहित्य महोत्सव में 10 से अधिक देशों से प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। तीन दिवसीय इस महोत्सव में कथा साहित्य, कविता, स्वास्थ्य, इतिहास, व्यापार, विज्ञान, दर्शन और मुंबई शहर जैसे विविध विषयों पर सत्र होंगे।इस वर्ष के कुछ प्रमुख वक्ताओं में अनिंदिता घोष, अशोक वाजपेयी, जीत थायिल, जेरी पिंटो, लिलेट दुबे, सैम डेलरिम्पल, शेहान करुणातिलका, शोभा डे, सोहा अली खान, स्वाति पांड्येय, वेंकी रामकृष्णन और यांग शुआंग–जी शामिल हैं।महोत्सव सह–निदेशक एमी फर्नांडीस ने एक बयान में कहा, "2009 से हर साल, यह महोत्सव एक निरंतर विकसित और रोमांचक आयोजन के रूप में सामने आया है जिसे शहर ने पसंद किया है। हम, लिटरेचर लाइव! टीम, उस

**महोत्सव सह-निदेशक एमी फर्नांडीस ने एक बयान में कहा, ''2009 से हर साल, यह महोत्सव एक निरंतर विकसित और रोमांचक आयोजन के रूप में सामने आया है जिसे शहर ने पसंद किया है।**

विरासत को आगे बढ़ाने में भूमिका निभाने पर गर्व महसूस करते हैं जो हमारे संस्थापक अनिल धारकर ने मुंबईकरों के लिए बनाई थी।

## बिहार विधानसभा चुनावः मुंगेर में जन सुराज प्रत्याशी ने भाजपा का थामा दामन



पटना 05 नवम्बर (एजेंसी)बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक एक दिन पहले मुंगेर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी संजय कुमार सिंह ने बुधवार को अप्रत्याशित कदम उठाते हुये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की घोषणा की। उन्होंने यह कदम राजग प्रत्याशी कुमार प्रणय की मौजूदगी में उठाया है और भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस घटनाक्रम से मुंगेर के चुनावी समीकरणों में बड़ा बदलाव आने की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, संजय कुमार सिंह अब भाजपा उम्मीदवार कुमार प्रणय के समर्थन में सक्रिय रूप से प्रचार करेंगे। भाजपा प्रत्याशी कुमार प्रणय ने संजय कुमार सिंह के पार्टी में शामिल होने का स्वागत करते हुये कहा कि, संजय जी के जुड़ने से भाजपा का संगठन और अधिक मजबूत होगा। हमें विश्वास है कि मुंगेर की जनता राजग को भारी बहुमत से जीत दिलायेगी। चुनाव से ठीक पहले हुये इस राजनीतिक फेरबदल ने मुंगेर की सियासत में हलचल मचा दी है। स्थानीय राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि जन सुराज उम्मीदवार के भाजपा में शामिल होने से विपक्षी मतों में बिखराव संभव है जिसका लाभ राजग को मिल सकता है।

## अखिलेश यादव की बिहार में हुंकार

### रोजगार के लिए वोट दें और तेजस्वी यादव के युवा नेतृत्व को चुनें

**समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बिहार में श्रोजगार के लिए वोटश का नारा बुलंद करते हुए तेजस्वी यादव को समर्थन देने का आह्वान किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर उनके चुनावी प्रदर्शन और किसानों-युवाओं के प्रति कथित विफलता को लेकर निशाना साधा, साथ ही बिहार में श्वोट चोरीश और धांधली की संभावना पर चिंता व्यक्त की।**



नई दिल्ली 05 नवम्बर (एजेंसी)समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को बिहार के लोगों से बड़ी संख्या में वोट डालने और राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी यादव की युवा लीडरशिप को सपोर्ट करने की अपील की।नवादा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, श्मैं बिहार के लोगों से अपील करना चाहूंगा कि वे बाहर निकलें, बड़ी संख्या में वोट करें, नौकरियों के लिए वोट करें और नई पीढ़ी के तेजस्वी को सपोर्ट करें।श

योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला

अखिलेश यादव ने बिहार चुनाव प्रचार में आए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला किया।

उन्होंने कहा, श्योगी पर भरोसा मत करो। योगी होने के बावजूद, वह हर बात पर झूठ बोलते हैं। जो लोग किसानों की मजदूरी नहीं दे सकते और युवाओं को नौकरी नहीं दे सकते, वे यहां वोट मांगने कैसे आते हैं? वे अभी यूपी में हारे, जहां लोगों ने उन्हें नकार दिया। इसलिए मैं कह रहा हूं पहले वे अवध में हारे और अब मगध में भी ऐसा ही होगा। जनता नए तेजस्वी को स्वीकार कर रही है।श

उन्होंने आर्थिक असमानता पर भी बात की, यह कहते हुए कि आज टॉप 1 प्रतिशत लोगों की दौलत 62 प्रतिशत बढ़ गई है।

वोट चोरीश और धांधली पर चिंता जताई

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हरियाणा चुनाव में वोट चोरी के हालिया दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए, अखिलेश यादव ने बिहार में भी धांधली की चिंता जताई।उन्होंने कहा, श्यह कोई नई बात नहीं है। आजकल, लोगों को अपना वोट सुरक्षित रखने और यह पक्का करने की जरूरत है कि वे इसे डालें। मैंने सुना है कि बिहार में भी लोगों को घर पर रहने और वोट न देने की हिदायत दी जा रही है। यही तरीका उत्तर प्रदेश में अपनाया गया था। इसलिए लोगों को अपना वोट बचाना होगा, उन्हें इसे कटने से बचाना होगा, फिर उन्हें यह पक्का करना चाहिए कि वे अपना वोट डालें।

## हरियाणा में 25 लाख वोट हुए चोरी... राहुल गांधी का बड़ा आरोप, हार में बदली गयी कांग्रेस की जीत



नई दिल्ली 05 नवम्बर (एजेंसी)कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि पिछले साल हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में 25 लाख फर्जी मतों के जरिये "वोट चोरी" की गई। उनके दावे पर निर्वाचन आयोग की तरफ से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने संवाददाताओं से कहा, "मैं जो कह रहा हूं वह सौ फीसदी सच है। एक पूरे राज्य (के चुनाव) को चुरा लिया गया।" उन्होंने कहा कि सभी सर्वेक्षणों में हरियाणा में कांग्रेस की जीत की संभावना जताई गई थी, लेकिन नतीजे एकदम उलट आए। गांधी ने कहा, "मैं 'जेन जी' से कहना चाहता हूं कि देखिये कि कैसे आपके भविष्य की चोरी की जा रही है।" उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के बयान का वीडियो दिखाया जिसमें सैनी ने सरकार बनाने की "व्यवस्था" होने की बात की थी। राहुल गांधी ने दावा किया कि हरियाणा में पांच अलग–अलग तरीकों से 25,41,144 फर्जी मतों से "वोट चोरी" की गई। हरियाणा में अक्टूबर, 2024 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुल 90 सीटों में से 48 सीट हासिल करके लगातार जीत हासिल की थी। कांग्रेस को 37 सीट मिली थीं। इससे पहले, राहुल गांधी ने बीते 18 सितंबर को दावा किया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार 'लोकतंत्र की हत्या करने वालों' तथा 'वोट चोरों' की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि ज्ञानेश कुमार को ऐसे लोगों को संरक्षण देना बंद करना चाहिए। निर्वाचन आयोग ने उनके आरोपों को निराधार बताया था। राहुल गांधी ने दावा किया कि ब्राजील की एक मॉडल की तस्वीर का इस्तेमाल करके हरियाणा में 10 बूथ पर 22 अलग अलग–अलग नाम से फर्जी मतदाता बनाए गए थे। उन्होंने कथित फर्जी मतदाताओं के कुछ और उदाहरण भी दिए। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि निर्वाचन आयोग और भाजपा की मिलीभगत से चुनाव चोरी किया गया। गांधी ने आरोप लगाया कि हरियाणा की भाजपा सरकार वैध नहीं है। हरियाणा में अक्टूबर, 2024 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुल 90 सीट में से 48 सीट हासिल करके लगातार जीत हासिल की थी। कांग्रेस को 37 सीट मिली थीं। राहुल गांधी ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह जिस प्रमाण के साथ वोट चोरी का विवरण दे रहे हैं उससे साफ होता है कि हरियाणा में चुनाव नहीं हुए, बल्कि 100 फीसदी प्रमाणों से साबित होता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा तथा चुनाव आयोग ने मिलकर लोकतंत्र को ध्वस्त किया है। हरियाणा में वोटों की चोरी कर वहां भाजपा की सरकार बनाई है। उनका कहना था कि वोट चोरी का यह काम बहुत गहरी साजिश और रणनीति के तहत किया गया है। इसके पुख्ता प्रमाण हैं कि पूरे राज्य में कैसे वोटों को चुराया गया है। उम्मीदवारों से हरियाणा में बहुत सारी शिकायतें उन्हें मिलती रहीं हैं और कई उम्मीदवारों ने अनियमितताओं की सूचना भी उस समय दी थी। इसी तरह से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में मतदान हुआ है। इन सब राज्यों में भाजपा ने व्यवस्थित तरीके से वोट चोरी का काम करवा कर मतदान कराया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जिस तरह के प्रमाण कांग्रेस ने फर्जी वोटरों को लेकर जुटाए हैं उससे साफ हो गया है कि हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश आदि राज्यों में मुख्यमंत्री लोकतांत्रिक तरीके से नहीं बने हैं।

## उच्चतम न्यायालय ने गुरुग्राम की डीएलएफ सिटी में अवैध निर्माण हटाने के आदेश को रद्द किया

***उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को हरियाणा शहरी क्षेत्र विकास एवं विनियमन अधिनियम 1975 की धारा-15 के तहत दो महीने के भीतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था***



नई दिल्ली 05 नवम्बर (एजेंसी)उच्चतम न्यायालय ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसके तहत गुरुग्राम की डीएलएफ सिटी में अनधिकृत एवं अवैध निर्माण को हटाने का निर्देश दिया गया था।न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने कहा कि यह निर्देश उन संपत्ति मालिकों को सुनवाई का अवसर दिए बिना जारी किया गया था, जिन्हें मुकदमों में पक्षकार नहीं बनाया गया था।

पीठ ने कहा कि मौजूदा मामले में, उच्च न्यायालय की ओर से जारी निर्देश, चाहे वह दीवानी अदालत के अधिकार क्षेत्र के संबंध में हो या निर्माणों को हटाने के, याचिकाकर्ताओं को रिट याचिका में पक्षकार बनाए बिना दिया गया प्रतीत होता है। उसने कहा, "यह कहने की जरूरत नहीं है कि निष्पक्ष रूप से न्याय सुनिश्चित करने के लिए सुनवाई का अवसर दिया जाना अनिवार्य है और अदालत को किसी भी ऐसे पक्ष के अधिकारों पर फैसला नहीं देना चाहिए, जिनका पक्ष नहीं सुना गया हो।"हालांकि, पीठ ने 28 अक्टूबर को पारित आदेश में कहा कि आवासीय संपत्ति पर वाणिज्यिक इस्तेमाल के लिए मानदंडों, नियमों और विनियमों के विपरीत निर्मित अनधिकृत या अवैध निर्माण को संरक्षण नहीं दिया जा सकता है।उसने कहा, "हम स्पष्ट करते हैं कि अगर कोई भी प्रभावित व्यक्ति निर्दिष्ट समय के भीतर उच्च न्यायालय में आवेदन करता है, तो उसे भी (सुनवाई में) शामिल होने की अनुमति दी जाएगी।राज्य के प्राधिकारी प्रभावित व्यक्तियों को जनहित याचिका में शामिल करने के लिए इस आदेश का व्यापक प्रचार करने के लिए स्वतंत्र हैं।" पीठ ने कहा कि अगर प्रभावित व्यक्ति दो हफ्ते में सुनवाई में शामिल होने के लिए आवेदन नहीं करते हैं, तो उच्च न्यायालय इस मुद्दे पर विचार करने और निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र है।उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को हरियाणा शहरी क्षेत्र विकास एवं विनियमन अधिनियम 1975 की धारा–15 के तहत दो महीने के भीतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। राज्य सरकार ने उच्च न्यायालय के समक्ष मामले का विस्तृत सार पेश किया था, जिसमें गुरुग्राम क्षेत्र के विभिन्न निवासियों के निर्माण में कई उल्लंघन करने का संकेत दिया गया था।

## सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों को देना होगा एक-एक इंच का हिसाब

### हमारे शार्गिद नहीं हैं माफिया

**सीएम ने कहा कि अगर कोई गरीबों की जमीन पर कब्जा करेगा, अगर कोई सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करने की कोशिश करेगा तो उसे माफ नहीं किया जा सकता।**



लखनऊ05 नवम्बर (एजेंसी)कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर सरदार वल्लभभाई पटेल आवासीय योजना का लोकार्पण किया। जियामऊ, डालीबाग स्थित एकता वन में आयोजित भव्य समारोह में सीएम ने दुर्बल आय वर्ग के 72 परिवारों को फ्लैट के आवंटन पत्र वितरित किए। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि यह केवल आवास वितरण नहीं, बल्कि संदेश है कि माफिया से छीनी गई भूमि पर गरीबों का आशियाना बनेगा। उन्होंने कहा कि यह उन लोगों के लिए चेतावनी है जो माफिया को शागिर्द बनाते हैं उनकी कब्र पर फातिहा पढ़ते हैं वे गरीबों का शोषण करवाते हैं। अब यूपी में ऐसा नहीं चलेगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर कोई गरीबों की जमीन पर कब्जा करेगा, अगर कोई सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करके समाज को डराने–धमकाने का काम करेगा, तो लेने के देने पड़ जाएंगे। यह सरकार जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी दृढ़ता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि यही नए भारत और नए उत्तर प्रदेश की पहचान है, जहां विकास के साथ धर्म, संस्कृति और परंपरा का संगम है।मुख्यमंत्री ने लाभार्थी परिवारों से मुलाकात की, उन्हें गृह प्रवेश का सामान भेंट किया, नन्हीं बच्चियों को गोद में लेकर दुलार किया और चॉकलेट बांटी। इस दौरान आवास परिसर में सीएम योगी ने वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने लोगों को कार्तिक पूर्णिमा की बधाई दी। इसमें से 72 को पहले आवंटन मिला है। मुख्यमंत्री ने सभी 72 लाभार्थियों को आवास की सुविधा मिलने पर उन्हें और उनके परिवारों को बधाई देते हुए कहा कि इन लोगों को अब अपना सिर उठाकर सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिला है। यह प्रधानमंत्री आवास योजना से कवर होगा तो यह और सस्ता व लाभकारी होगा। उन्होंने कहा कि आज लखनऊ में कितना सुंदर वातावरण बना है कितने अच्छे पार्क विकसित हो चुके हैं। सरकार चाहती है कि हर नागरिक खुशहाली से अपना जीवन व्यतीत करे और प्रदेश के विकास में भागीदार बने। सीएम योगी ने कहा कि यह तो सिर्फ शुरुआत है अब यह अभियान पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर चलाया जाएगा ताकि हर गरीब, हर जरूरतमंद को उसका सम्मानजनक आवास मिल सके।माफियाओं पर जीरो टॉलरेंस नीति पर जोर देते हुए सीएम योगी ने कहा कि 2017 से तय किया था कि यूपी की नकारात्मक छवि बदलेंगे। अपराध–अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू करेंगे। 8.5 वर्षों में बिना रुके, बिना झुके माफियाओं पर कार्रवाई की। माफिया संविधान का अपमान करते, कानून का मजाक उड़ाते, अधिकारी भी उनके सामने झुक जाते थे। यही नहीं पूर्व सरकारें भी ऐसे माफियाओं के सामने घुटने टेकती थीं। उन्होंने कहा कि पूरब से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण, बुंदेलखंड क्षेत्र और हर जगह माफिया हावी थे, लेकिन आज ऐसा नहीं है।

## भगदड़ विवादों के बीच विजय का ऐलान

### 2026 में जीतेंगे चुनाव, कोई रोक नहीं पाएगा

**करूर भगदड़ के बाद एक्टर विजय ने चुप्पी तोड़ते हुए 2026 का चुनाव जीतने का दृढ़ संकल्प जताया है, अपनी तमिलगा वेत्री कझगम पार्टी के सदस्यों से कहा कि कोई उन्हें रोक नहीं सकता। उन्होने दुखद घटना पर दर्द बयां करते हुए बेमतलब की राजनीतिक अफवाहों को खारिज किया और उन्हें कानून व सच्चाई को खत्म करने की कोशिश बताया।**



नई दिल्ली 05 नवम्बर (एजेंसी)सितंबर के आखिर में करूर में हुई दुखद भगदड़ के बाद, एक्टर विजय ने आखिरकार अपनी चुप्पी तोड़ी है। अपनी तमिलगा वेत्री कझगम पार्टी के सदस्यों को संबोधित करते हुए, उन्होंने अपनी राजनीतिक यात्रा में आ रही कठिनाइयों को श्कुछ समय के लिएश बताया और दृढ़ता से घोषणा की कि कोई भी उन्हें 2026 का चुनाव जीतने से नहीं रोक सकता।अपनी स्पीच में विजय ने करूर की पिछली पब्लिक मीटिंग में दिए गए अपने बयान को दोहराया, जो भगदड़ से पहले हुई थी। उन्होंने कहा, श्मैं वही दोहराऊंगा जो मैंने अपनी पिछली पब्लिक मीटिंग में कहा था। जब नेचर और भगवान हमारे साथ हों, जब हमारे अपने लोग हमारे साथ खड़े हों, तो हमें कौन रोक सकता है? ये सभी मुश्किलें बस कुछ समय के लिए हैं चलो इन्हें तोड़ देते हैं। हमारा सफर रुकेगा नहीं। चलो कॉन्फिडेंट रहें और अच्छी चीजें जरूर होंगी।

भगदड़ पर दर्द बयां किया

एक्टर ने भगदड़ के बाद फैलाई गई श्बेमतलबश राजनीतिक बातों पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा, श्अपने परिवार के लोगों को खोने की वजह से मैं इतने दिनों से बहुत ज्यादा दर्द और परेशानी में था। ऐसे में यह हमारा फर्ज है कि हम अपने लोगों की भावनाओं के साथ खड़े हों।श

उन्होंने कहा, श्शांति और दुख के समय, बेमतलब की अफवाहें और बुरी पॉलिटिकल बातें फैलाई गईं और हम पर थोपी गईं। इन सबका मकसद कानून और सच्चाई को खत्म करना है।

# धूमधाम से मनाया गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। गुरूद्वारा सिंह सभा में बुधवार को सिखों के पहले गुरु श्री गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान प्रभात फेरी निकाली गई और श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ, कीर्तन के साथ साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

प्रकाश पर्व के अवसर पर आगरा से आए ज्ञानी हरपाल सिंह मेहर एवं ज्ञानी हरमिंदर सिंह, ज्ञानी करनैल सिंह द्वारा कीर्तन किया गया। तथा,



गुरुद्वारा साहिब के प्रधान सरदार हरबंश सिंह मल्होत्रा ने गुरु नानक देव जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया और सम्पूर्ण समाप्ति के उपरांत लंगर छकाया गया। रात मे बच्चों द्वारा शब्द कीर्तन कविताओं का गायन किया गया। संगत मे मुख्य रूप से सदर विधायक मनीष असीजा, विधायक शिकोहाबाद डॉ. मुकेश वर्मा, जसराना विधायक इंजीनियर सचिन यादव, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सतेंद्र जैन सोली, जन आधार कल्याण समिति सचिव प्रवीन कुमार शर्मा एवं नितेश अग्रवाल जैन, अमृत कौर, सचिन भटेजा सहित स. गुरुचरण सिंह, परमजीत सिंह, अमरजीत सिंह, त्रिलोचन सिंह सलूजा, जितेंद्रपाल सिंह, विक्की मल्होत्रा, जितेन्द्र पाल सिंह भाटिया, कुलदीप सिंह, कुलजीत सिंह, बलवंत सिंह सलूजा, कमलजीत सिंह होरा, रंजीत सिंह सोढ़ी व अन्य सत्संगी मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में ब्लड बैंक पुलिस अस्पताल के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्देश्य सभी के बीच जागरूकता फैलाना व किस प्रकार मात्र रक्तदान से कई लोगों की जान बचायी जा सकती है। रिक्रूट आरक्षियों ने स्वेच्छा से रक्तदान शिविर में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में डॉ0 गरिमा सिंह (प्रभारी ब्लड बैंक) एवं डॉ अनस, डॉ नयन, कु सायनी, मो मुज्जिमल, आदित्य कुमार, शशिकांत डीईओ, हेमलता स्टॉफ नर्स, अवधेश स्टॉफ नर्स, वॉवी स्वक्षक, भारती डीएमएलटी, निधि डीएमएलटी, सोनी कुमारी, स्नेह, अविनाश, पुरुषोत्तम उनका स्टॉफ उपस्थित रहा। पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा रिक्रूट आरक्षियों द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान किया गया। रक्तदान करने के पश्चात सभी को प्रशस्ति पत्र वितरित किये गए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी लाइन एवं प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# नेहाल कुरैशी बने उपाध्यक्ष



न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल इकाई लहरपुर की एक बैठक व्यापार मंडल अध्यक्ष रियाज अहमद बबलू भैया के आवास पर आयोजित की गई। बैठक के दौरान निहाल कुरैशी को व्यापार मंडल लहरपुर का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर रियाज अहमद बबलू ने बताया कि व्यापारियों के प्रति इनकी लगन और कार्य क्षमता को देखते हुए व्यापार मंडल के द्वारा इन्हें उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया हैं। इस दौरान उपाध्यक्ष हाशिम अंसारी ने कहा कि निहाल कुरैशी के जुड़ने से व्यापार मंडल को मजबूती मिलेगी और इनके द्वारा .ढ़ता के साथ व्यापारी हित के लिए काम किया जाएगा। इस मनोनयन को लेकर महामंत्री हरीश रस्तोगी गोलू, विशाल कपूर, हरीश जयसवाल, शियाराम जायसवाल, संगठन मंत्री जावेद अंसारी, अनवर अंसारी, शरीफ अहमद, सरोज जायसवाल, अब्दुल हमीद मंसूरी, अमन जैन, आसिफ कुरैशी, नुमान मालिक समेत आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

# अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल



न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया, सीतापुर। मंगलवार रात सिधौली थाना क्षेत्र के अटरिया के पास नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रात करीब 9 बजे की बताई जा रही है। सिधौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद, युवकों की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों की पहचान संदीप (25 वर्ष) पुत्र मुन्नीलाल, निवासी देवरी कैल, थाना संदना, और सूरज (18 वर्ष) पुत्र जसवंत, निवासी देवरी कैल, के रूप में हुई है। घायल संदीप ने बताया कि वे अपने साथी के साथ लखनऊ से गांव लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही एक अज्ञात कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अज्ञात कार चालक की तलाश में जुटी है। यह दुर्घटना नेशनल हाईवे पर सुरक्षा और तेज रतार वाहनों के खतरे को उजागर करती है।

# श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान व विश्वशांति महायज्ञ की नगर में हो रही धूम



न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। श्री आदिनाथ जिनालय लॉकडाउन टेंपल में मुनि अमित सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं सोनू जैन स्पोर्ट्स के निर्देशन में जगह जगह मंदिरों में उठाई के पवन दिनों में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया जा रहा है। जिसमें सैकड़ों संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित होकर धर्मलाभ ले रहे हैं। मंगलवार को प्रातः इंद्र स्वरूप पुजारियों ने नित्य नियम अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन पूरे भक्ति भावों से किया। तत्पश्चात विधान प्रारंभ हुआ। जिसमें सभी भक्तों ने मिलकर श्रीजी के समक्ष 512 अर्ध समर्पित किए। विधान में फिरोजाबाद ही नहीं बल्कि, दूर दराज से आए अनेकों भक्त उपस्थित होकर धर्मलाभ ले रहे है। मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी राज जैन ने बताया कि, सायंकालीन धर्मसभा में श्रीजी की महाआरती के साथ विभिन्न प्रकार के धार्मिक एवं संस्: तिक कार्यक्रमो का आयोजन सोनम जैन के निर्देशन में बड़ी ही कुशलता के साथ किया जा रहा है। भक्ति में नाच गाकर सभी भक्त विधान का पूरा आनंद ले रहे है। इसी क्रम में नगर के सदर बाजार स्थित श्री चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में मुनि श्री अमित सागर जी महाराज ससंघ के मंगल आशीर्वाद तथा पावन सानिध्य और विनोद जैन मिलेनियम के सहयोग एवं आगरा से पधारे विधानाचार्य ब्रह्मचारी राकेश जैन भईया जी के निर्देशन में सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ का आयोजन हर्षोल्लाश से किया जा रहा है। जिसमें, सैकड़ों श्रद्धालुगण धर्मलाभ ले रहे हैं। मंगलवार को श्रद्धालुओं द्वारा पूरी श्रद्धा और भक्ति में नाच गा कर श्री के समक्ष 512 अर्ध समर्पित किए गए। मीडिया प्रभारी अजय जैन बजाज तथा राज जैन ने बताया कि, विधान में दूर दूर से आए सैकड़ों भक्तों ने हिस्सा लिया तथा पुण्य का अर्जन किया और नगर में चल रहे 10 दिवसीय विधान के क्रम कल दिनांक 5 नवंबर दिन बुधवार को 1024 अध र्य चढ़ाए जाएंगे तथा परसो दिनांक 6 नवंबर दिन गुरुवार को विधान का समापन होने साथ साथ विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन होगा जिसमें उपस्थित होकर सभी भक्तगण हवन में आहुति देगे और प्रभु से विश्व में शांति की कामना करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरुण जैन (पीली कोठी), अजय जैन (एडवोकेट), ललितेश अग्रवाल जैन, संभव प्रकाश जैन, अरविंद जैन मित्तल, सुधीर जैन, इंद्र कुमार जैन (स्प्ब), राहुल जैन (एम.आर.), प्रवीन जैन(राहुल) अजय जैन (बजाज) व अन्य लोग मौजूद रहे।

# आमजनमानस को यातायात के प्रति किया जागरुक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। यातायात माह के .ष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थानाध्यक्ष लवेदी द्वारा थाना क्षेत्र में लोगों को यातायात जागरुकता के नियमों के बारें में जागरुक करते हुए नाबालिग बच्चो को वाहन न चलाने, बिना हेल्मेट दो पहिया वाहन न चलाने, तीन सवारी न बैठने, नशे की हालत में गाड़ि न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के बारे में जागरूक किया गया तथा अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने की भी अपील की गयी।

# जेल में दुष्कर्म के कैदी की इलाज के दौरान मौत

## - अचानक बिगड़ी थी तबियत, परिजन उठा रहे सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जिला कारागार में दुष्कर्म के मामले में सजा काट रहे 57 वर्षीय कैदी विनोद कुमार की मंगलवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। कैदी को सुबह अचानक सांस लेने में दिक्कत हुई, जिसके बाद उसे तुरंत जेल अस्पताल ले जाया गया। हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है। क्या है पूरा मामला? मृतक की पहचानरू विनोद कुमार (उम्र करीब 57 वर्ष), पुत्र स्वर्गीय राम सहाय, निवासी आनंद नगर, कोतवाली देहात, सीतापुर। अपराधरू वह वर्ष 2017 में कोतवाली नगर थाने में एक महिला द्वारा दर्ज कराए गए दुराचार (रेप) के मुकदमे में सजा काट रहा था। सजारू लंबी सुनवाई के बाद, कोर्ट ने 25 जून 2024



को विनोद को दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष की सश्रम कैद की सजा सुनाई थी। जेल यात्रारू कोर्ट के फैसले के बाद विनोद को सीतापुर जिला कारागार भेज दिया गया था, जहां वह पिछले 16 महीनों से सजा काट रहा था। जेल से अस्पताल तक मंगलवार सुबह करीब 4रू00 बजे विनोद को अचानक सांस लेने में तकलीफ महसूस हुई। जेल कर्मियों ने तुरंत उसे जेल अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। परिजन उठा रहे हैं सवाल सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और जेल अधिकारी मौके पर पहुंचे। मृतक की पत्नी गोमती ने इस मौत पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने बताया कि वह कल ही जेल में विनोद से मिलने गई थीं और वह पूरी तरह स्वस्थ थे, उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं थी, और उन्होंने खुद उन्हें चाय पिलाई थी। गोमती ने इस अचानक हुई मौत पर परिवार की ओर से सवाल उठाए हैं। जांच के आदेश जेल अधीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि कैदी की मौत की सूचना परिजनों को दे दी गई है और पूरे मामले की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद ही मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# ट्रैक्टर-ट्राली के स्वामी सवारी के प्रति उपयोग न करें : प्रभारी यातायात



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस सर्व सम्बन्धित को जानकारी देना चाहती है कि शरद ऋतु शुरू हो गई है शरद ऋतु में पड़ने वाले कोहरे व मेलों के आयोजन के अवसर पर सुढ़ सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जनपद कानपुर नगर के ग्राम भदेउना टौंस नदी के पास मॉ चन्द्रिका देवी मन्दिर बक्सर से अपने घर वापस जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर–ट्रॉली के पलट जाने के कारण 27 व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी थी इसके अतिरिक्त, ट्रैक्टर–ट्रॉली को सवारी वाहन के रूप में उपयोग करने के कारण अनेक दुर्घटनाए घटित हुई है, जिनमें जान–माल की हानि हुई है। शरद ऋतु व आयोजित होने वाले मेलों के अवसर पर जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, इटावा पुलिस सभी से अनुरोध करती है कि ट्रैक्टर–ट्रॉली जैसे .षि यंत्रों के स्वामीध्चालक, तथा अन्य मालवाहक वाहनों के स्वामीध्चालक किसी भी परिस्थिति में मेलों य तीर्थ स्थलों की यात्रा के दौरान इन वाहनों को सवारी वाहन के रूप में उपयोग न करें। यदि मालवाहक वाहनों को सवारी वाहनों के रूप में उपयोग करते पाया गया, तो संबंधित वाहन स्वामी के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी और वाहन को जब्त कर लिया जाएगा। ऐसी स्थिति में पूर्ण जिम्मेदारी वाहन स्वामी की होगी। प्रभारी यातायात सूबेदार सिंह।

# गंगा महोत्सव सामाजिक समरसता व समानता का अद्भुत संदेश

## - गायघाट में जिला गंगा समिति ने मनाया गंगा महोत्सव

न्यूज वाणी ब्यूरो



मऊ। सामाजिक समरसता और समिति द्वारा गंगा महोत्सव का भव्य कार्यक्रम ने समाज में एकता, भाईचारा संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपनी धर्मपत्नी सहित उपस्थित हुए और समुदाय) के साथ मिलकर गंगा आरती समानता और समरसता की अद्भुत मिसाल गुप्ता द्वारा भावपूर्ण गंगा वादन से हुआ, बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने उपस्थित जनसमूह का हृदय जीत लिया। आरती में ट्रांसजेंडर समुदाय ने बढ़–चढ़कर समानता के संदेश के साथ जिला गंगा आयोजन गायघाट पर किया गया। इस और पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायक मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर जनपद के किन्नर समाज (ट्रांसजेंडर की। इस अनोखे .श्य ने सामाजिक पेश की। कार्यक्रम का शुभारंभ पंकज जिसके पश्चात सोनी धापा खंडेलवाल अपने मनमोहक सांस्:तिक कार्यक्रमों से गंगा उत्सव के अंतर्गत आयोजित महा हिस्सा लिया और अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समाज में समानता का संदेश दिया। सांस्:तिक संध्या के अंतर्गत अलंकार संगीत संस्थान के कलाकारों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्रीमती सुदामी देवी कान्वेंट स्कूल, भीटी के विद्यार्थियों ने अपना देश, अपनी माटी विषय पर आकर्षक प्रस्तुति दी। इसके साथ ही डी.सी.एस. के.पी.जी. कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई के स्वयंसेवकों ने पूरे आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने वालों में ए. के. उपाध्याय, रवि प्रकाश सिंह, डॉ. विशाल गुप्ता, जय प्रकाश मल्ल, रामआसरे यादव और सुधा कुमारी शामिल रहे। अलंकार संगीत संस्थान की ओर से तबले पर मदन श्रीवास्तव, हारमोनियम पर रोशन भारद्वाज, तथा गायन में पंकज गुप्ता, मीना साहनी, दीपक यादव और खुशबू किन्नर ने अपनी मधुर सुर और ताल से समां बाँधा। कार्यक्रम में पी.के. पाण्डेय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, रामसूरत यादव एसडीओ, वन विभाग एवं दिनेश कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। पूरे आयोजन का सफल संयोजन एवं नेतृत्व डॉ. हेमंत यादव, जिला परियोजना अधिकारी, नमामि गंगे द्वारा किया गया।

# युवा समाजसेवी का मरीजों को फल वितरित कर मनाया जन्मदिन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। युवा भाजपा नेता व समाजसेवी आयुष राज का जन्मदिन धूमध ाम से मनाया गया।



समाजसेवी आयुष राज ने युवाओं के साथ जिला भीमराव अ ं ब े ड क र चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को फल वितरित के साथ, भर्ती मरीजों का स्वास्थ सम्बन्धित कुशलक्षेम लिया गया। वहीं युवा समाजसेवी आयुष राज ने कहा कि जन्म दिवस पर केक काटना ही परंपरा नहीं है हमें सुख दुख की घड़ी में समाज के प्रति ऐसा कार्य करना चाहिए जो कि एक प्रेरणा भरा संदेश हो यही एक वजह है की अपने जन्म दिवस पर हमने जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनका कुशलश्रेम पूछ कर मनाया। जिला अस्पताल में जन्म दिवस मनाने के दौरान, सुमित गुप्ता, रोनित वर्मा, दिग्विजय राज, आर्यन जैन, चिराग सक्सेना, राजेश आदि मौजूद रहे।

# राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने महिला एवं किशोरियों से किया संवाद

## - महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में किया प्रतिभाग



न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष एवं उपराज्यमंत्री स्तर की पदाधिकारी श्रीमती चारु चौध री ने आज ग्रामीण विकास संस्थान, हाथिनी के प्रांगण में एक विशेष महिला एवं किशोरी सशक्तिकरण सम्मेलन में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती चौधरी ने महिलाओं एवं किशोरियों को शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं जब आत्मनिर्भर होंगी, तभी समाज और राष्ट्र सशक्त बन पाएगा। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, महिला सशक्तिकरण मिशन, स्वयं सहायता समूह योजना आदि की जानकारी दी तथा उपस्थित महिलाओं को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। इसके पश्चात उन्होंने इटौरा ग्राम पंचायत में ग्रामीण महिलाओं और किशोरियों से संवाद किया। ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा महिला और किशोरी सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। श्रीमती चारु चौधरी ने संस्थान परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक शमीम अब्बासी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। संस्थान की गतिविधियों का परिचय दिया। कार्यक्रम संचालक अच्छेलाल कुशवाहा ने संस्थान द्वारा किए जा रहे विभिन्न सामाजिक प्रयासों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में संस्थान की ओर से वसीम अब्बासी, अर्शी फातिमा, आमिर सिद्दीकी, मनोज तिवारी, सन्तोष त्रिपाठी, जवाहर लाल, वंदना सिंह, मीरा सिंह, निशा, संजय राय, साजिद, फैजान, सुभेदार राम सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# यातायात के नियमों के प्रति जागरूक कर बाटे हेलमेट

न्यूज वाणी ब्यूरो

ऊसराहार, इटावा। यातायात माह के .ष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थानाध्यक्ष ऊसराहार द्वारा थाना क्षेत्र में



लोगों को यातायात जागरुकता के नियमों के बारें में जागरुक करते हुए दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किये गये। नाबालिग बच्चो को वाहन न चलाने, बिना हेलमेट दो पहिया वाहन न चलाने, तीन सवारी न बैठने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के बारे में जागरूक किया गया। अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने की भी अपील की गयी।

# मंत्री ने 36 करोड़ की 79 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

## - सरकार हर नगर को बना रही आदर्श नगर, विकास की गति और तेज होगी : एके शर्मा

## - दोहरीघाट में 36 करोड़ की योजनाओं से नगर का होगा कायाकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने भ्रमण के दौरान आदर्श नगर पंचायत दोहरीघाट में सरयू नदी के तट पर आयोजित एक भव्य जनसमारोह में 36 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 79 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में वंदन योजना, दीनदयाल नगर विकास योजना तथा अन्य नगर विकास योजनाओं के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं जैसे पेयजल आपूर्ति नेटवर्क का विस्तार, जल निकासी एवं नाली निर्माण, सड़क सुदृढ़ीकरण, ओपन जिम, पार्क एवं हरित क्षेत्र विकास, सॉलिड वेस्ट प्रबंधन, स्ट्रीट लाइटिंग, सार्वजनिक शौचालय और नगर सौंदर्यीकरण के कार्य। इस दौरान मंत्री एके शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि विकास जनता की सेवा का माध्यम है, इसे रुकने नहीं देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विकास कार्य जनता की सेवा का सबसे सशक्त माध्यम है। यह सरकार न तो कार्य से पीछे हटती है और न ही जिम्मेदारी से। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक नगर, प्रत्येक मोहल्ला और प्रत्येक नागरिक को बेहतर जीवन–स्तर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करा ई जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नगर विकास विभाग ने स्वच्छ नगर–स्वस्थ नागरिक सशक्त प्रदेश के संकल्प को लेकर कार्य प्रारंभ किया है। हर नगर में पेयजल, जल निकासी, सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविध ाएँ तेजी से विकसित की जा रही हैं। सरकार का उद्देश्य केवल ईंट और सीमेंट से निर्माण कराना नहीं है बल्कि लोगों के जीवन में वास्तविक सुधार लाना है। हर नागरिक को सुविधाजनक, सुरक्षित और सम्मानजनक शहरी जीवन देना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रध ानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, और इसी भावना के साथ सरकार गांवों से लेकर नगरों तक विकास की अलख जगा रही है। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि जनता की भागीदारी के बिना कोई भी योजना पूर्ण नहीं हो सकती। नगरों के विकास में नागरिकों की सक्रिय भूमिका बहुत आवश्यक है। सरकार योजनाएं बनाती है लेकिन उन्हें सफल तभी बनाया जा सकता है जब जनता उन्हें अपनी जिम्मेदारी समझे। दोहरीघाट के नागरिकों ने जिस समर्पण से स्वच्छता और विकास में योगदान दिया है वह पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने स्थानीय अधि कारियों और जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि प्रत्येक कार्य में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। श्री शर्मा ने उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं आप सबको विश्वास दिलाता हूं कि विकास की यह गति और तेज होगी। दोहरीघाट ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के हर नागरिक तक विकास की किरणें पहुंचेगी। यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत के संकल्प का मूलमंत्र है। कार्यक्रम में



जनप्रतिनिधिगण, संबंधित अधिकारी एवं भारी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। लोगों ने मंत्री श्री शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया और सरकार की विकासपरक नीतियों की सराहना की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इन परियोजनाओं से नगर का कायाकल्प होगा और नागरिकों को वर्षों से चली आ रही समस्याओं से राहत मिलेगी।

# डीएम ने दधीचि कुंड पर किया पूजन अर्जन

न्यूज वाणी ब्यूरो



मिश्रिख, सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने मिश्रिख स्थित दधीचि कुंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने पूजन अर्चन कर सभी के कल्याण की कामना भी की। साथ ही दधीचि कुंड पर धर्मगुरुओं से वार्ता कर समस्याओं की जानकारी भी ली एवं समस्याओं के समुचित निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। घजिलाधिकारी ने नैमिषारण्य में रुद्रावर्त का निरीक्षण किया एवं पूजन अर्चन भी किया। जिलाधिकारी ने संपर्क मार्गो के दुरुस्तीकरण एवं पर्यटन सुविधाओं के विकास हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु समुचित कार्यवाही की जाये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग रीमा सोनकर, सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय के रसोई घर पर चोरों का धावा



न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली–अटरिया सीतापुर। जनपद के सिधौली विकास खंड क्षेत्र के अटरिया थाना क्षेत्र के हमीरपुर प्राथमिक विद्यालय में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने रसोई घर को निशाना बनाते हुए मिड–डे मील के लिए रखा अनाज और कई बर्तन चुरा लिए और मौके से फरार हो गए। कुंडी तोड़कर घुसे चोर, 20 किलो राशन पर किया हाथ साफ विद्यालय के अध्यक्ष रईस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वह 3 नवंबर को सुबह लगभग 9 बजे जब स्कूल पहुंचे, तो उन्होंने रसोई घर के दरवाजे की कुंजी टूटी हुई पाई। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि अज्ञात चोरों ने भोजन सामग्री और एल्युमिनियम के छोटे–बड़े तीन बर्तन चोरी कर लिए हैं। चोरी हुए सामान में 10 किलोग्राम आटा और 10 किलोग्राम चावल शामिल हैं, जो बच्चों के लिए मिड–डे मील योजना के तहत उपयोग किए जाने थे। थाने और शिक्षा अधिकारी को दी गई तहरीर इस संबंध में विद्यालय अध्यक्ष रईस ने तत्काल अटरिया थाने में लिखित तहरीर दी है और अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इतना ही नहीं, इस पूरे प्रकरण को लेकर उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी सिधौली को भी एक प्रार्थना पत्र दिया है, ताकि चोरी के कारण बाधित हुई मिड–डे मील व्यवस्था को जल्द से जल्द बहाल किया जा सके और बच्चों के भोजन का इंतजाम किया जा सके। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर सरयू नदी तकिया घाट पर श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। तहसील नानपारा के निकटवर्ती तकिया घाट पर श्रद्धालुओं ने प्रातः काल नदी में डुबकी लगाकर स्नान किया श्रद्धालुओं की भीड़ देखते ही बनी हजारों की संख्या में श्रद्धालु पुरुष एवं महिलाएं तकिया घाट पर एकत्र हुई और उन्होंने नदी में स्नान किया। कार्तिक पूर्णिमा हिंदू धर्म में एक पवित्र दिन है जो भगवान विष्णु की आराधना के लिए समर्पित है इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा 5 नवंबर को मनाया गया। कार्तिक पूर्णिमा के दिन ही भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का वध किया था इस विजय से सभी देवता बहुत प्रसन्न हुए उन्होंने पृथ्वी पर आकर खुशी मनाया था। कार्तिक शुक्ल अष्टमी को पांडवों ने स्नान किया और कार्तिक शुक्ल चतुर्दशी तक गंगा किनारे यज्ञ किया था। इस वर्ष बड़ी धूमधाम से कार्तिक पूर्णिमा पर तकिया घाट पर वर्षों पुराना लगने वाला मेला भी संपन्न हुआ हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान किया। मेले में जमकर खरीदारी की सुरक्षा की .ष्टि से प्रशासन सजग रहा थाना कोतवाली नानपारा पुलिस टीम सुरक्षा की .ष्टि से मौजूद रही। एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने तकिया घाट मेले में पहुंची और लिया मेले का जायजा सुरक्षा व्यवस्था सजग गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मेले में देखी गई विकासखंड बलहा के पंचायत विभाग के कर्मचारी भी अपनी ड्यूटी पर मौजूद दिखे।

# खाद भरते समय ट्रैक्टर से दबकर बालिका की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। थाना खैरीघाट अंतर्गत ग्राम पंचायत तिगड़ा के गांव बढ़ईनपुरवा में ग्यारह वर्षीय बच्ची की ट्राली के नीचे आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान श्रीदेवी पुत्री राम अवतार लगभग 11 वर्ष के रूप में हुई है। ग्राम निवासी जगमोहन सिंह की ट्राली गांव में ही खाद भर रही थी। ट्राली के पास ही एक ग्यारह वर्ष की लड़की श्रीदेवी अपनी गोद में अपने एक वर्षीय भाई को लेकर खड़ी थी जो अचानक ट्राली के नीचे गिर गई जिसमें उसकी मौके पर मौत हो गई और गोद में लिए भाई को गंभीर चोटें आई हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया गया था परंतु बाद में आपसी समझौते के बाद शव को सुपुर्द कर दिया गया है। ग्राम प्रधान और संभ्रांत व्यक्तियों की मौजूदगी में पंचनामा भर दिया गया है तथा यह समझौता हुआ कि मृतक के पिता को 50 हजार रुपए तथा बच्चे का पूर्ण इलाज कराया जाएगा।

# एड. राबेंद्र कुमार पाण्डेय को विधि प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी

प्रयागराज(संवाददाता)। प्रदेश संगठन के विस्तार और मजबूती के क्रम में, प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह की स्वीकृति से, विधि प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट प्रखर श्रीवास्तव द्वारा आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के विधि प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की घोषणा की गई है।इस पुनर्गठन में कई जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को नई भूमिकाएँ सौंपी गई हैं,

# डालमिया चीनी मिल यूनिट जवाहरपुर में पेराई सत्र का शुभारंभ

## - विधिवत पूजन-अर्चन और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हुई शुरुआत

न्यूज वाणी ब्यूरो



जवाहरपुर, सीतापुर। डालमिया चीनी मिल यूनिट जवाहरपुर में पेराई सत्र 2025–26 का शुभारंभ धार्मिक उत्साह और वैदिक विधि–विधान के साथ हुआ। मिल परिसर में हुए पूजन–अर्चन कार्यक्रम में किसान, अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ इकाई प्रमुख कुलदीप कुमार द्वारा मुख्य यजमान के रूप में किया गया। नीमसार के प्रसिद्ध पंडित रमेश शास्त्री एवं रानू शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन संपन्न कराया।

नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरु, महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, मिश्रिख सांसद अशोक रावत के प्रतिनिधि, पवन सिंह एमएलसी और संतोष सिंह (खैराबाद) सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने परंपरानुसार सभी तौल कांटों पर नारियल फोड़कर पहली बैलगाड़ी, ट्रैक्टर–ट्रॉली और ट्रक के चालकों का माल्यार्पण किया तथा उन्हें गर्म वस्त्र और मिठाई भेंट की। इसके उपरांत डोंगा पर नारियल फोड़कर गन्ना डालते हुए पेराई सत्र की विधिवत शुरुआत की गई। पूजन के बाद उपस्थित जनों ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही किसानों और अतिथियों के लिए भोजन प्रसाद की भी व्यवस्था की गई थी। मिल प्रांगण और आसपास के गांवों में श्रद्धा, उल्लास और उमंग का वातावरण दिखाई दिया।

पहली गन्ना खेप का प्रतीकात्मक महत्व

मीडिया प्रभारी सुधीर सिंह ने बताया मिल में आने वाली पहली बैलगाड़ी, ट्रॉली और ट्रक को शुभता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। परंपरागत रूप से पेराई सत्र की शुरुआत गन्ने के प्रथम डोंगे से की जाती है। किसान समुदाय इसे नए सत्र की शुरुआत का वरदान दिवस मानता है। यह आयोजन किसान और मिल के बीच आपसी सहयोग का प्रतीक भी है।

किसानों से मिल प्रशासन की अपील

मिल प्रशासन ने किसानों से आग्रह किया है कि वे गन्ना समय से मिल गेट पर लाएं, गुणवत्ता एवं स्वच्छता का ध्यान रखें, तथा मिल संचालन में सहयोग करें। मिल प्रशासन ने आश्वासन दिया कि इस सत्र में भी किसानों को समय पर भुगतान और सुव्यवस्थित पेराई प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी।

# राम मंदिर ध्वजारोहण समारोह के एक दिन पहले पहुंचें आमंत्रित लोग

## -श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने की अपील



अयोध्या।(संवाददाता) आगामी 25 नवंबर को राम मंदिर में होने वाले ध्वजारोहण का कार्यक्रम में आमंत्रित लोग एक दिन पहले ही 24 को अयोध्या पहुंच जाएं। ये अपील श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने की है। उन्होंने कहा है कि ध्वजारोहण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया जाएगा। मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए आदि गुरु शंकराचार्य द्वार को भव्यता दी जा रही है। चंपत राय ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर लोगों को आमंत्रण कहीं डाक के माध्यम से तो कहीं व्हाट्सएप, ईमेल और मैसेज के माध्यम से भेजा जा रहा है। कुछ प्रमुख स्थानों पर व्यक्तियों के हाथ से भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों को भी बुलाया जा रहा है। उनके आवास की व्यवस्थाएं हो रही हैं। इसके लिए बड़ी मात्रा में होमस्टे, धर्मशाला पर निवास की अनुमति प्रदान की है। जगह–जगह भोजनालय चलाए जाएंगे।संघ प्रचारक और आयोजन के व्यवस्था प्रभारी गोपाल जी राव ने बताया कि 25 नवंबर को राम जन्मभूमि में सभी मंदिरों के ऊपर शिखर ध्वजारोहण हो रहा है। मुख्य मंदिर का ध्वजारोहण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत करेंगे। जिसको लेकर मंदिर परिसर में निर्माण का कार्य पूर्णता की ओर है। जिसके लिए लगभग ढाई हजार मजदूर और इंजीनियर मिलकर दिन रात कार्य कर रहे है। इसके साथ पुष्प का श्रृंगार व लाइटों से श्रृंगार की योजना चल रही है। उन्होंने कहा कि मंदिर और परकोटे के बीच स्थित कोर्ट यार्ड में 7000 लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। इसमें विशेषता पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न समाज के लोगों को बुलाया गया है। राम मंदिर के शिखर पर फहराए जाने वाले ध्वज का एक मॉडल बनकर आया था। जिसके साथ ध्वजारोहण का प्रयास कर रहे है। ध्वज अहमदाबाद से लाया जाएगा।25 नवंबर को ध्वजारोहण कार्यक्रम करने पहुंच रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिसर भ्रमण के कार्यक्रम भी तय हो गया है। ट्रस्ट से मिली जानकारी के अनुसार ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री मंदिर में प्रथम तल पर बना राम दरबार समेत सात और मंदिर लक्ष्मण जी के शेषावतार मंदिर और सप्त मंडप समेत परिसर का भ्रमण करेंगे। परकोटा के मंदिर के साथ–साथ लोअर प्लिंथ में रामायण के 80 प्रकार 3डी म्यूरल लगे हैं। उसको भी देखने की उम्मीद है और मंदिर निर्माण में लगे श्रमिकों और निर्माण एजेंसियों के श्रमिकों से भी मिलेंगे।

# विश्वविद्यालय उत्कृष्ट शोध कार्यो के लिए निर्मित करेगा परिवेश : डा. बिजेंद्र सिंह



अयोध्या।(संवाददाता) डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग के प्रो. सीके मिश्र, डॉ. पीके द्विवेदी एवं सचिन कुमार के शोधपत्र ने नेचर इंडेक्स संस्थागत रैंकिंग 2024– 25 में राज्य विश्वविद्यालयों में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। अवध विश्वविद्यालय ऑल इंडिया रैंकिंग समग्र श्रेणी में 137 वां स्थान फिजिकल साइंसेज डिसिप्लिन में 85 वां एवं एकेडमिक रैंकिंग के तहत 114वां स्थान हासिल कर शोध उत्कृष्टता का प्रतिमान स्थापित किया है। वर्ष 2024– 25 में पहली बार अवध विश्वविद्यालय को यह उपलब्धि हासिल हुई है। इससे यह सिद्ध होता है कि गुणवत्ता परक शोध कार्यों में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालय अब वैश्विक एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहुंच बना रहे हैं। वर्ष 2024– 25 में दो राज्य विश्वविद्यालय ने यह उपलब्धि हासिल की है इसमें प्रथम डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं द्वितीय स्थान अवध विश्वविद्यालय को प्राप्त हुआ है।विश्वविद्यालय के शिक्षकों की इस उपलब्धि पर कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि नेचर इंडेक्स रैंकिंग में विश्वविद्यालय को प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त होना गौरव का पल है। इससे विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट शोध कार्यों में कार्य करने का परिवेश निर्मित होगा। विश्वविद्यालय में गुणवत्तापरक शोध कार्यों को करने के लिए शैक्षिक वातावरण तैयार किया जाएगा जो विश्वविद्यालय को वैश्विक पटल पर अपनी गरिमापूर्ण उपस्थिति दर्ज कराए। कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने उपलब्धपूर्ण शोध कार्य के लिए शिक्षकों को बधाई दी है। विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि के लिए शिक्षकों एवं अधिकारियों ने भी हर्ष व्यक्त किया है। नेचर इंडेक्स स्प्रिंगर नेचर द्वारा प्रकाशित एक डेटाबेस है जो दुनिया के 145 प्रतिष्ठित वैज्ञानिक जर्नलों में प्रकाशित शोध लेखों को ट्रैक करता है। इसका उपयोग संस्थानों और देशों को उनके शोध आउटपुट और योगदान के आधार पर रैंक करने के लिए किया जाता है, जो वैश्विक उच्च–गुणवत्ता वाले अनुसंधान के संकेत के रूप में काम करता है। स्प्रिंगर नेचर एक अकादमिक प्रकाशन संस्था है जो विज्ञान और चिकित्सा से संबंधित कई जर्नलों, पत्रिकाओं और ऑनलाइन डेटाबेस का प्रकाशन करती है।

# 5.5 लाख दीयों की रोशनी से रोशन हुए संगम के घाट

***पवित्र नदियों के तट पर उतरी आकाश गंगा***

***त्रिवेणी संगम सहित सात पक्के घाटों पर कार्तिक पूर्णिमा पर बिखरा आस्था का उजाला***

***सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन और रेत में खूबसूरत सैंड आर्ट्स के संयोजन से आयोजन में लगे चार चांद***

प्रयागराज(संवाददाता)। प्रयागराज में महाकुंभ के भव्य और दिव्य आयोजन के सात महीने बाद कुंभ नगरी प्रयागराज में गंगा और यमुना नदी के घाटों पर एक बार आस्था का सैलाब उमड़ा। इस बार अवसर था कार्तिक पूर्णिमा पर देव दीपावली के आयोजन का जिसमें नदियों के तट दीयों की रोशनी से नहा उठे। घाटों पर उमड़ी भीड़ को संभालने में प्रशासन के पसीने छूट गए। प्रयागराज का संगम तट और गंगा यमुना के सभी पक्के घाट कार्तिक पूर्णिमा पर 5.5 लाख दीपों की श्रृंखला से जगमग हो उठे । गंगा , यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन तट दीपों की रोशनी की अनुपम छटा से तरह–तरह के भाव और परिकल्पनाएं साकार हो उठी । प्रयागराज के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा बताते हैं कि 5.5 लाख दीयों से घाटों को रोशन करने के लिए सम्पूर्ण संगम क्षेत्र और घाटों में सौ से अधिक सरकारी कर्मचारी और अधिकारी व्यवस्था के लिए लगाए गए। सभी विभागों के लिए दीयों का अलग–अलग लक्ष्य दिया गया। डूडा की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की सहभागिता सबसे महत्वपूर्ण थी। डूडा की परियोजना अधिकारी प्रतिभा श्रीवास्तव बताती हैं कि डूडा की तरफ से समूह की महिलाओं की तरफ से बनाए गए दीयों को यहां प्रमुखता से जगह मिली है। वर्तिका समूह की तरफ से गोबर से बनाए गए 21 हजार डिजाइनर दीए भी यहां आने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। देव दीपावली पर मुख्य आयोजन संगम किनारे त्रिवेणी के तट पर रहा । यहां प्रशासन के साथ स्वयं सेवी संस्थाओं की तरफ से दीप मालाओं की श्रृंखला जगमग हो उठी।भीड़ का दबाव कम करने के लिए इस बार गंगा और यमुना किनारे 7 पक्के घाटों पर भी देव दीपावली पर घाटों को रोशन किया गया और दीपदान की परंपरा को पूरा किया गया। इसके अंतर्गत दशाश्वमेध घाट, किला घाट , बलुआ घाट, ककरहा घाट और नागवासुकी में भी आयोजन किया गया। इस बार अरैल के परमार्थ संगम घाट पर भी परमार्थ निकेतन और विभिन्न आश्रमों की तरफ से 51 हजार से अधिक दीपक जलाए गए और भजन संध्या का आयोजन किया गया। संगम आरती समिति और हरि हर आरती समिति में भी भव्य आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।दीपोत्सव देखने आने वाले लोगों के लिए संगम के घाटों को रोशनी से जगमग करने के साथ संगम क्षेत्र में कई सेल्फी पॉइंट्स भी बनाए गए। जहां लोग अपनी स्मृतियों को सहेज सकते हैं। संगम की रेत पर खूबसूरत सैंड आर्ट भी बनाए गए जिला प्रशासन और प्रयागराज विकास प्राधिकरण को इसकी व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा और पीडीए के वीसी ऋषिराज सिंह सहित दो दर्जन से अधिक सरकारी अधिकारियों को व्यवस्था में लगाया गया था। भीड़ प्रबंधन शहर से संगम जाने वाले सभी मार्गों पर साइनेज और वाहनों के पार्किंग आदि की व्यवस्था भी की गई । पार्किंग प्लान बनाकर व्यवस्थित ढंग से गाड़ियों के पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक यातायात पुलिस कर्मियों की टीम वहां लगाया गया । इसके अलावा अग्निशमन की तीन गाड़ियां और पुलिस कर्मी भी मौके पर तैनात रही। सुरक्षा की दृष्टि से आयोजन क्षेत्र को तीन जोन संगम, झूंसी और अरैल में बाटा गया था जिसमें तीन एसीपी लगाए गए थे। सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरे संगम क्षेत्र में लगाए गए। इसके अलावा हाई रेजोल्यूशन वाले दो ड्रोन से भी चप्पे चप्पे की निगरानी के लिए लगाए गए। जल पुलिस की गोताखोरों की दस टीमें भी मौके पर मुस्तैद रहीं।

# खुल्दाबाद गुरुद्वारे में गूंजी गुरु वाणी

प्रयागराज(संवाददाता)। गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर आज भक्ति, सेवा और एकता की भावना में सराबोर दिखा। खुल्दाबाद स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे गुरुद्वारे परिसर को फूलों, झालरों से सजाया गया था।श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पावन अवसर पर अखंड पाठ साहिब का समापन हुआ, जिसके बाद शबद कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध रागी जत्थों ने गुरु वाणी का मधुर गायन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भोर में पांच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन निकाला गया, जो शहर के मुख्य मार्गों से होता हुआ पुनः गुरुद्वारा परिसर में पहुंचा। इस दौरान ष्जो बोले सो निहाल, सत श्री अकालष के जयघोष से पूरा इलाका गूंज उठा।सरदार हरजिंदर सिंह ने बताया कि दिनभर गुरु का लंगर चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रेम पूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। प्रकाश पर्व के दौरान युवा सेवादारों ने भी पूरे स्वभाव से श्रद्धालुओं की सेवा की। इन सेवादारों में महिलाएं, पुरुष और नन्हीं बच्चियां तक शामिल रहीं, जिन्होंने जल वितरण, जूता घर की सेवा, लंगर व्यवस्था और सफाई जैसे कार्यों में तन–मन से योगदान दिया। यह सेवा भावना पूरे कार्यक्रम का सबसे प्रेरणादायक दृश्य रही। गुरुद्वारे में चरणामृत और कड़ा प्रसाद का वितरण किया गया। बच्चों और महिला संगत ने गुरुबाणी पाठ प्रस्तुत कर वातावरण को और भी भक्तिमय हो गया।कार्यक्रम में सिख समाज के प्रमुख पदाधिकारी, महिला विंग, युवा सेवा दल और शहर के अन्य गुरुद्वारों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# प्रादेशिक विद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता में अव्यवस्थाओं का बोलबाला

अयोध्या(संवाददाता)। रामनगरी अयोध्या में प्रादेशिक विद्यालयी खो–खो प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों और कोचों के लिए आवासीय व्यवस्थाएं बेहद खराब हालत में हैं।अयोध्या के एमएलएम इंटर कॉलेज में रह रहे खिलाड़ियों ने खराब हालात, अंधेरे और अपर्याप्त सुविधाओं को लेकर नाराजगी जताई है। खिलाड़ियों का आरोप है कि उन्हें खराब हालात में रखा जा रहा है, जिससे उनका स्वास्थ्य और प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है। विद्यालय में चार्जिंग पॉइंट, सुलभ शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। शौचालयों की स्थिति बेहद खराब है और नहाने के लिए टूटी बाल्टियों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है।इस प्रतियोगिता में 18 मंडलों की टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें से 17 मंडलों की टीमें अयोध्या पहुंच चुकी हैं। खिलाड़ियों का कहना है कि और शहरों में गए तो वहां की स्थिति बेहतर मिली, लेकिन अयोध्या की स्थिति सबसे खराब है। या प्रतियोगिता अयोध्या शहर के अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम भीमराव अंबेडकर में आयोजित हो रही है। सरकार और प्रशासन को खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और सुविधा का ध्यान रखना चाहिए। अयोध्या जैसे शहर में ऐसी स्थिति होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उम्मीद है कि जल्द ही इस समस्या का समाधान होगा और खिलाड़ियों को उचित सुविधाएं मिलेंगी।

# महादेवा घाट पर देव दीपावली का हुआ आयोजन

गोसाईंगंज–अयोध्या(संवाददाता)। पौराणिक चौरासी कोसी परिक्रमा के पड़ाव स्थल गोसाईंगंज कस्बे के महादेवा घाट पर देव दीपावली के अवसर पर भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के तहत घाट पर महिलाओं व बच्चों ने भव्य व आकर्षक रंगोली बनाई।शाम होते ही 5100 दीपो से पूरा घाट जगमग हो उठा।इस अवसर पर अयोध्या धाम से पधारे आचार्यो ने भव्य तमसा आरती भी किया।आयोजक समिति के प्रमुख ध्रुव बरनवाल ने बताया कि देवोत्थान एकादशी को भगवान विष्णु चार माह बाद निद्रा से उठते है।जिसके बाद वह सभी देवताओं के साथ नदी में स्नान के लिए आते है।

# साहिब श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश उत्सव श्रद्धा से मनाया

प्रयागराज(संवाददाता)। अलोपीबागगुरुद्वारा में सिखों के पहले गुरु श्री गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश उत्सव बृहस्पतिवार को श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया प्रकाश उत्सव की खुशियां चारों दिशा में छाई रही श्री अखंड पाठ साहिब के समापन के बाद गुरुद्वारा गुरबाणी से सराबोर हो रहा था श्री गुरु ग्रंथ साहिब के आगे संगतो का मत्था टेककर आशीर्वाद लेने वालों का सिलसिला बराबर चलता रहा। अलोपीबाग गुरुद्वारा फूलों से आकर्षक दीवान सजाया गया। संगत द्वारा श्री गुरु नानक देव के प्रकाश उत्सव का कई दिनों से प्रभात फेरी, श्री अखंड पाठ साहिब का आयोजन किया जा रहा था। रागी जत्थों ने शब्द– कीर्तन सुना कर संगत को निहाल किया। गुरुद्वारे में गुरु नाम की गूंज होती रही। गुरु का आशीष सहेजने के लिए लोगों ने जुड़कर माथा टेका। गुरुद्वारे में हाजिरी लगाने व सेवा–सत्कार प्रातः काल से देर रात तक चलती रही।गुरुद्वारा प्रधान परमजीत सिंह बग्गा ने श्री गुरु नानक देव के जीवन इतिहास से संगत को अवगत कराते हुए श्री गुरु नानक देव जी के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशपर्व पर गुरु नानक वाणी के आगे नतमस्तक होने का अर्थ है भारतीय चिंतन, दर्शन, इतिहास और आध्यात्मिक आस्था के साथ सामाजिक, पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन मूल्यों के प्रति अपने जीवन को समर्पित करना।

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने संगत को कहा कि जल का संचय करें, जल स्वच्छ रखें, कन्या भ्रूण हत्या न करने, शिक्षा और चिकित्सा का विशेष लंगर लगाने का आह्वान किया। जिससे गरीब, मजलूम एवं आम आदमी का भला हो सके । कथा,कीर्तन इतिहास, व्याख्यान, आरती अरदास, हुकमनामा के बाद गुरु का अटूट लंगर चलाया गया। जिसमें सभी संप्रदाय के लोगों ने बिना किसी भेदभाव के एक पंक्ति में बैठकर गुरु का लंगर छका।



## रेलवे ट्रैक किनारे मिला अज्ञात शव

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। कोतवाली क्षेत्र के बड़े मीट बाबा मंदिर से लगभग एक किलोमीटर आगे रेलवे लाइन के किनारे बुधवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। स्थानीय लोगों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शव के पास से ऐसी कोई वस्तु नहीं मिली जिससे उसकी पहचान हो सके। प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन से कटने या हादसा माना जा रहा है। हालांकि वास्तविक कारण का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। आसपास के थानों को भी सूचना भेज दी गई है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति इस शव की पहचान कर सके तो तत्काल कोतवाली पुलिस से संपर्क करें ताकि मृतक के परिजनों को सूचित किया जा सके और आगे की कार्रवाई की जा सके।

## चलती ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के दुर्गा मंदिर के समीप चलती ट्रेन से गिरकर 42 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेजा है। जानकारी के अनुसार बिहार प्रांत के जनपद मधुबन थाना कलवाही गांव नरार थम निवासी स्व0 पौलट राम का पुत्र राम उदगार राम ट्रेन से घर वापस आ रहा था। बताते है कि बुधवार की भोर दुर्गा मंदिर के समीप चलती ट्रेन से गिरकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भाई मिथलेश राम ने बताया कि भाई मुंबई में नौकरी करता था और छुट्टी लेकर घर आते समय हादसा हो गया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से मासूम की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कटेलिहा के समीप पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे डेढ़ वर्षीय मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के रूपपुर गांव निवासी ओमकार अपने पुत्र कपिल को बाइक में बैठाकर बाजार जा रहा था। बताते है कि जैसे ही वह कटेलिहा के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे मासूम रोड पर गिर गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एक बुरी तरह घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार किशनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी ठाकुर सिंह का 30 वर्षीय पुत्र प्रेम सिंह बाइक से अपनी ससुराल जा रहा था। तभी खागा कोतवाली के कटोघन टोल प्लाजा के समीप पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसी तरह प्रयागराज जनपद के थाना हड़िया गांव कुकड़ा निवासी स्व0 शौकत अली का 46 वर्षीय पुत्र मजहर अली अपने साथी अशफाक अली के साथ टाटा मैजिक में सवार होकर रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे ही वे लोग सदर कोतवाली क्षेत्र के नऊवाबाग एनएच–2 पर पहुंचे तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे मजहर अली की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अशफाक अली बुरी तरह घायल हो गया। जिसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## पिटाई से घायल युवक की उपचार दौरान मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर मजरे अब्दुल्लापुर में तीन दिन पूर्व पैसे के लेन–देन को लेकर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने लाठी–डण्डो से 32 वर्षीय युवक को पीटकर घायल कर दिया था। जिसकी मंगलवार की शाम इलाज के दौरान मौत हो गई। बताते चलें कि बहादुरपुर मजरे अब्दुल्लापुर गांव निवासी मोतीलाल के पुत्र राजकुमार का दो नवंबर को पैसे के लेन–देन को लेकर गांव के ही कुछ लोगों से विवाद हो गया था। जिस पर आधा दर्जन लोगों ने उसे लाठी–डण्डों से पीट–पीटकर घायल कर दिया था। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। बाद में परिजन उसका इलाज कराने के लिए नर्सिंग होम ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के परिजनों ने बताया कि पैसे के लेन–देन को लेकर दिलीप कुमार, अर्जुन, मोनू, अभिषेक, रमेश, प्रदीप, राजन व नरेन्द्र ने लाठी–डण्डों से पीटा था जिससे उसकी मौत हो गई।

## सड़क हादसों में पांच घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव निवासी रामबाबू का 28 वर्षीय पुत्र रवि अपने साथी धीरेन्द्र सिंह पुत्र वीरेन्द्र 22 वर्ष व अभिषेक यादव के साथ बाइक से शहर किसी काम से आ रहे थे। तभी ललौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत खटौली के समीप सड़क पार कर रहे कुत्ते से बाइक टकरा जाने से घायल हो गए। इसी प्रकार औंग थाना क्षेत्र के नयाखेड़ा गांव निवासी छोटेलाल का 42 वर्षीय पुत्र अखिलेश कुमार बाइक से अपनी ससुराल जा रहा था। जब वह हुसैनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत डोलेपुर के पास पहुंचा तभी सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई, जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## छत से गिरकर युवती जख्मी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम सैदपुर में बुधवार की सुबह बंदर को देखकर छत से भागी 18 वर्षीय युवती गिरकर घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सैदपुर गांव निवासी सेवालाल की पुत्री सुधा बुधवार की सुबह छत पर धूप ले रही थी। तभी अचानक बंदर आ जाने से डरकर भागी तो नीचे गिरकर घायल हो गई। परिजनों ने उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन के जिलाध्यक्ष बने अमित

### - जनपद की खेल प्रतिभा को निखरेगा संगठन : बाबू



न्यूज वाणी ब्यूरो

फ़तेहपुर। ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन की जनपद इकाई का गठन किया गया। बुधवार को शहर के तपस्वी नगर स्थित एक मैरिज लान में संस्था के राष्ट्रीय महासचिव आरएस राजू, राष्ट्रीय महानिदेशक एबी बाबू व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप कुमार रियाज़ अहमद द्वारा बुधवार जनपद इकाई के गठन की घोषणा की। जिसमे जिलाध्यक्ष पद पर अमित मौर्या के नाम की घोषणा की गयी। साथ ही जिले के समाजसेवियों को संगठन में संरक्षक के रूप में शामिल किया गया। जिसमें समाजसेवी अशोक तपस्वी, रेडक्रास सोसाइटी के जिला चेयरमैन अनुराग श्रीवास्तव, शिवस्वरूप को संरक्षक, जिला महासचिव अनीस अहमद, अभिषेक राणा, स्टेट ट्रेनर शोबी कासिम, उपाध्यक्ष आदित्यनाथ, कोषाध्यक्ष चेतन यादव, जिला सचिव महिला प्रकोष्ठ कंचन, जिला महासचिव महिला प्रकोष्ठ नमिता सिंह, जिला सचिव मो. मारूफ़, अनुशासन प्रभारी गोविंद पटेल व सदस्य राजू यादव को मनोनीत किया गया। नवमनोनीत पदाधिकारियों को संगठन की राष्ट्रीय कमेटी व सदस्यो द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया तत्पश्चात मीडिया से रूबरू होते हुए संगठन के राष्ट्रीय महानिदेशक एबी बाबू ने बताया कि अमर शहीदों की याद और सम्मान में स्थापित राष्ट्रीय सामाजिक एवं स्पोर्ट्स संस्था ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन की जिला कार्यकारिणी का गठन किया। संस्था का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के उभरते हुए युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना, उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। संगठन जिले सहित अन्य जनपदों में भी खेल प्रशिक्षण केंद्र और स्किल डवलपमेंट कार्यक्रम शुरू करेगा, ताकि युवाओं को सुनियोजित मार्गदर्शन और अवसर मिल सके। जिले की खेल प्रतिभा को राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पहचान दिलाने में संगठन कार्य करने का काम करेगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# हुतात्मा दिवस पर बजरंगियों ने किया रक्तदान



न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के समय हताहत हुए सैकड़ों कारसेवकों की खून की कमी के कारण मृत्यु होने की याद में विष्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल प्रत्येक वर्ष हुतात्मा दिवस मनाता है। जिसमें बजरंग दल के कार्यकर्ता रक्तदान करते हैं। बुधवार को सामदुायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरदों में रक्तदान षिविर का आयोजन हुआ। जिसमें सत्रह कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम का उद्घाटन चिकित्सा अधीक्षक सरल सोनी ने किया। कार्यक्रम में समाजसेवी विकास मिश्र, अनुपम शुक्ल, धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख संदीप तिवारी, जिला सह संयोजक रितेश सोनी, विजयीपुर प्रखंड संयोजक आलोक त्रिपाठी, प्रखंड संयोजक हथगाम वैभव गुप्त, जिला सह सुरक्षा प्रमुख अनूप सिंह, आशीष गुप्त, नेमचंद्र, लैब टेक्नीशियन अशोक शुक्ल आदि लोग उपस्थित रहे।

# कैंप में 627 बुजुर्गो को मिले उपकरण, खिले चेहरे



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत 60 वर्षीय बुजुर्गों को उपकरण छड़ी, कान की मशीन, व्हील चेयर, कमर घुटने की बेल्ट आदि सामान हुसैनगंज कस्बे के आकाश इंटर कालेज में कैंप लगवाकर 627 बुजुर्गों को उपकरण देकर जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहारी ने सभी बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में हुसैनगंज के पूर्व विधायक रणवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक महामंत्री पुष्पराज पटेल, मण्डल अध्यक्ष कब्ज कुमार द्विवेदी, बब्लू मिश्रा, सत्यम सिंह, श्रीकांत अवस्थी आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक अजय सिंह रिंकू लोहारी ने बताया कि भिटौरा ब्लाक के हुसैनगंज, गौरा चुरियारा, सेनपुर, जमरावां, भरसरी, फतेहाबाद आदि गांव के वरिष्ठजनों को उपकरण वितरण करने के बाद आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्य अतिथि धुन्नी सिंह ने कहा कि देश व प्रदेश की सभी गरीबों की लाभकारी योजनाएं निःशुल्क हैं। इन योजनाओं में बजट की कोई कमी नहीं है। श्री सिंह ने कहा कि रिंकू लोहारी जैसे भाजपा के बीस सिपाही पूरे जनपद में लाभ दिला सकते हैं। उन्होंने गरीबों की सेवा करने के लिए जिला पंचायत सदस्य को शुभकामनाएं दीं। श्री लोहारी ने बताया कि अब तक पाच हजार बुजुर्गों को पच्चीस हजार उपकरण उपहार के रूप में दे चुके हैं। राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत जब तक सभी बुजुर्गों को लाभ नहीं दिला देते चैन से नहीं बटेंगे। उपहार पाकर सभी बुजुर्गों ने आशीर्वाद के रूप में श्री लोहारी की तारीफ की।

# रामायण पाठ के समापन पर भंडारे का हुआ आयोजन



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर दो दिवसीय अखंड रामायण के पाठ के समापन पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिला मंत्री व विनोद श्रीवास्तव द्वारा शहर के सिविल लाइन स्थित आवास पर विशाल भंडारे का आयोजन किया। इसके पूर्व दो दिवसीय अखंड रामायण के पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगो ने अखंड रामायण सुनी गयी। जिसके उपलक्ष में भंडारे का आयोजन किया गया था। जिसमे दूर दराज से भक्तों एवं श्रद्धालुओ ने पहुंचकर भंडारे में पूड़ी सब्ज़ी खीर बूंदी आदि का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर दिव्यांशी श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव, ओम श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# प्रथम गुरु गुरुनानक देव जी का मनाया 556 वां प्रकाश पर्व



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के रेल बाजार स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में जगत गुरु गुरुनानक देवजी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अगुवाई सह प्रधान नरेंदर सिंह रिक्की ने की। गुरूद्वारे में सबद कीर्तन का आयोजन हुआ तत्पष्चात लंगर कराया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सिक्ख समुदाय के साथ–साथ सभी वर्गों के लोगों ने प्रसाद चखा। ज्ञानी कुलदीप सिंह ने बताया कि गुरु नानक देव जी का जन्म 1469 ई० को राय भोय की तलवंडी ननकाना साहिब पाकिस्तान में माता तृप्ता पिता मेहता कालू के यहां हुआ। गुरु नानक देव जी को पिता मेहता कालू ने 20 रुपए सच्चा सौदा के लिए दिए। गुरु नानक देव जी ने उस 20 रुपए को लेकर घर से निकले रास्ते में जाते समय गुरु नानक देव जी को एक साधुओं की टोली दिखाई दी। गुरु नानक देव जी ने साधुओं की टोली को भर पेट भोजन करवाया जिससे लंगर की प्रथा चालू हुई। वो लंगर आज तक सिख समाज में चल रहा है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, नगर पालिका चेयरमैन राजकुमार मौर्य सहित कई अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधान संतोष सिंह, चरनजीत सिंह, परमजीत सिंह, जतिंदर पाल सिंह, उपप्रधान नरेंद्र सिंह रिंकू हरमिंदर सिंह, कुलजीत सिंह, जसवीर सिंह महिलाओं में ईश्वर कौर, हरजीत कौर, हरविंदर कौर, रंजीत कौर, सतनाम कौर, अमरजीत कौर, सतपाल कौर, नीना कौर, प्रभजीत कौर के अलावा बच्चों में वीर सिंह भी उपस्थित रहे।

# सेना को जाति विवाद में घसीटने पर पूर्व सैनिक नाराज



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति की बैठक कैप्टन विमलेश त्रिवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सभी पूर्व सैनिकों में इस बात का रोश रहा कि सेना को भी जाति विवाद में घसीटा गया। अध्यक्ष विद्याभूषण तिवारी ने कहा कि सदन के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पता नहीं क्या मजा आता है कि वह सदैव सेना के विपरीत वक्तव्य देते रहते हैं। कभी खून की दलाली की बात करते हैं कभी सेवा के ऑपरेशन पर प्रश्न चिन्ह उठाते हैं। कभी सेवा के पराक्रम पर प्रश्न चिन्ह लगाते हैं और कहते हैं कि पाकिस्तान ने भारतीय जहाजों को गिरा दिया और भारतीय जहाज पाकिस्तान का कोई नुकसान नहीं कर पाए। उनको यह याद रखना होगा कि जितना नुकसान सेना का उनके नाना और उनकी दादी के कार्यकाल में हुआ है उतना आज तक नहीं हुआ। भारतीय सेना के फील्ड मार्शल जनरल शेम मानिक शाह का जितना अपमान इंदिरा गांधी जी ने किया था तथा उनकी पेंशन जो फील्ड मार्शल पद की मिलना चाहिए थी उसको नहीं दिया। यह तो राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने उनकी पूरी पेंशन उनके मरने के समय उनको प्रदान की जिसको उन्होंने भारतीय सेना को सहर्ष दान कर दी। राहुल गांधी को पता नहीं है कि भारतीय सेना में अधिकारियों की नियुक्ति उनकी कार्यशैली ज्ञान और युद्ध पराक्रम के आधार पर होती है। आरक्षण के आधार पर नहीं। महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी ने कहा कि ऐसे नेता देश हित की बात कर ही नहीं सकते। यह सभी सैनिकों शहीदों व उनके परिवारों का अपमान है। इस अवसर पर विनोद मिश्रा, विजय कुमार दुबे, राजकुमार तिवारी, सुनीता यादव, हीरालाल यादव, डीके शुक्ला, राजेश शुक्ला, भरोसा प्रसाद अग्निहोत्री, सुमन मौर्य, कमल पाल, बीबी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी रसूलपुर भंडरा ग्राम पंचायत

### - चालीस लाख के भ्रष्टाचार की फाइल पहुंची डीएम के दरबार

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। तहसील क्षेत्र के ऐरायां विकास खंड की रसूलपुर भंडरा ग्राम पंचायत के शेरबहादुर सिंह पुत्र छत्रपाल सिंह निवासी बैरहना ने बीते शनिवार को जिलाधिकारी को हलफनामा में शिकायती पत्र देते हुए ग्राम पंचायत में लगभग 40 लाख रूपये सरकारी धन का बंदरबांट होने की शिकायत करते हुए निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। पूर्व में भी शिकायतकर्ता ने हैण्डपम्प रिबोर मरम्मत के नाम पर लाखों रूपये का भ्रष्टाचार का पर्दाफाश कर सरकारी धन की रिकवरी कराकर दोषियों को कोर्ट तक पहुँचाने का काम किया था।बताते चलें कि शिकायतकर्ता ने दिये गए शिकायती पत्र में बिना काम कराये और नाली इंटरलॉकिंग में लगभग 40 लाख रूपये गबन करने का आरोप लगाते हुए विभिन्न मदों की बिंदुवार विशेषज्ञ टीम गठित करके जाँच कराने की मांग किया है। क्रमवार कुछ कार्यो को तथ्यात्मक पहलु–साक्ष्य को शिकायतकर्ता ने सामने रखते हुए बताया कि इन स्थानों में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। रसूलपुर भंडारा ग्राम पंचायत के इकौनागढ़ में चौराहा से रामकिशोर के घर तक 80 लम्बाई व 3.25 मीटर चौड़ाई मीटर इंटरलॉकिंग के निर्माण का सरकारी भुगतान 4,98,330 रूपए हुआ है। जबकि इसका वास्तविक मूल्यांकन दस मीटर इंटरलॉकिंग में एक हज़ार ईंटो का प्रयोग होता है और 80 मीटर में आठ हज़ार ईंटो का प्रयोग हुआ है। जिसमें विभाग द्वारा मय निर्माण लागत सहित 27.14 रूपये देती है। इस दर से 80 मीटर इंटरलाकिंग में सरकारी तय रेट 27.14 से कुल वाजिब लागत 2,16,172 दो लाख सोलह हज़ार एक सौ बहत्तर रुपए खर्चा आना चाहिए, जबकि ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा 2,82,208 रुपए का भ्रष्टाचार करके अधिक भुगतान करा कर बंदरबाँट किया गया है। इसी तरह बैरहना, नया पुरवा (कल्यानपुर कसार) में भी भ्रश्टाचार किया गया है। ग्राम सभा के बरुअन पर गाँव में अजय तिवारी के घर से ट्रांसफर्मर तक का भुगतान 1,00,260 रुपए हो चुका है जबकि आज तक उस जगह में केवल दस से पंद्रह ट्राली मिट्टी की डालकर कार्य समाप्त कर दिया गया है। इसी तरह ग्राम पंचायत के लगभग आधा सैकड़ा कार्यो में अधिक भुगतान करा कर ग्राम प्रधान व सचिव ने बंदरबाँट करके सरकारी धन का दुरपयोग किया गया है। इसी पंचायत में पूर्व में भी शिकायत के बाद सरकारी धन की रिकवरी हुई है, जिसमें उपरोक्त सचिव प्रधान को उच्च अधिकारियों ने दोषी पाया था जिसके बदले में जुर्माने की कार्यवाही भी की गयी है। हलांकि शिकायतकर्ता ने संतुष्ट नहीं होने का बाद उच्च हाई कोर्ट का सहारा लेकर वाद दाखिल किया है जो कि भ्रष्टाचार पाए जाने के संबंध में आज भी माननीय उच्च न्यायलय में वाद विचाराधीन है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर भैरव बाबा मंदिर में हुआ भंडारा



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम रारा स्थित प्राचीन भैरव बाबा मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने भैरव बाबा के दर्शन कर पूजा–अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने किया। उन्होंने कहा कि भैरव बाबा की आराधना से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और सुख–शांति की प्राप्ति होती है। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख अमित तिवारी ने इस धार्मिक आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम और सौहार्द की भावना को मजबूत करते हैं। भंडारे में स्थानीय ग्रामीणों के साथ–साथ आस–पास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर परिसर में भक्तों के लिए प्रसाद वितरण और भंडारे की व्यवस्था सुचारू रूप से की गई। आयोजन में युवा समिति और ग्रामवासी पूरे उत्साह के साथ सेवा कार्यों में जुटे रहे।

# मवई व्यापार मंडल की बैठक में समस्याओं पर मंथन



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उद्योग व्यापार मण्डल उत्तर प्रदेश की संबद्ध इकाई मवई व्यापार मण्डल की बैठक मुख्य अतिथि व संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा की उपस्थित में आहूत की गई। बैठक में संगठन विस्तार व व्यापारियों की समस्याओं के निदान पर रणनीति तय की गई। साथ ही करबा मवई की प्रमुख समस्याओं स्ट्रीट लाइटों के न होने से अपराध व चोरियों की वृद्धि व आए दिन दुर्घटनाओं की वृद्धि विकसित कर रहा है। साथ ही करबे में स्पीट ब्रेकर न होने से वाहनों की स्पीड वृद्धि से दुर्घटनाओं से जनक्षति की वृद्धि की आशंका लगातार बनी रहती हैं। जिसके निदान हेतु शीघ्र ही जिलाधिकारी व जिला पंचायत अध्यक्ष को मांग पत्र देकर समस्या के निदान की मांग की जायेगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष विमल सोनू अग्रहरि ने कहा कि करबा मवई व समस्त व्यापारियों की समस्याओं के निदान हेतु मवई व्यापार मण्डल वचनबद्ध है। संगठन सभी को साथ लेकर विकास व समस्याओं के निदान पर कार्य करेगा। महामंत्री शत्रुघ्न साहू ने कहा कि शीघ्र ही व्यापार मण्डल ग्रामों उपग्रामों में संगठन विस्तार करके संगठन को अति शक्तिशाली बनाएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा, संरक्षक डा राममनोहर, पिंटू सिंह, कामता सैनी, सोनू अग्रहरि, शत्रुघ्न साहू पप्पू अग्रहरि, रवि अग्निहोत्री, सत्यम गुप्ता, रोहित कुमार, राजेश चौरसिया, रवि सोनी, अवधेश पाल, पिंटू गुप्ता, भरत लाल साहू योगेश सोनी, विक्रम सिंह भी उपस्थित रहे।

# जैविक खेती प्रशिक्षण के लिए किसान कानपुर रवाना



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जैविक खेती के गुर सीखने को किसानो का एक जत्था चन्द्रशेखर आजाद .षि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के लिए रवाना किया गया। यहां किसान जैविक खेती के लाभ जानेंगे। वैज्ञानिकों द्वारा माडल प्रस्तुत कर किसानों को दक्ष किया जायेगा।

मंगलवार को मलवां, भिटौरा, तेलियानी विकास खंड से उपनिदेशक .षि सत्येंद्र सिंह के निर्देशन में मलवां करबे से एसएमएस प्रवीण कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखा बस को रवाना किया। वैज्ञानिकों द्वारा किसानो को जैविक खेती के प्रशिक्षित किया जायेगा। .षि विभाग के सर्विस प्रोवाइडर ईश एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड इन्दौर मध्य प्रदेष से प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर जितेंद्र सिंह, फील्ड ऑफिसर ऋषि कुमार, आशीष कुमार, अखिलेश कुमार, राहुल कुमार आदि रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )